# अब चार मार्च तक दी जा सकेगी अवैध कालोनियों की सूचना

## वैध करने के लिए अभी तक एक भी कालोनी की जानकारी नहीं मिली

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर की अवैध कालोनियों में रहने वालों को बुनियादी सुविधाओं के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। वैध करने के लिए चल रही प्रक्रिया में आमजन या अवैध कालोनियों के रहवासियों से ही कालोनी की जानकारी लिए जाने का नियम बनाया गया है। नगर निगम ने चार फरवरी को विज्ञप्ति जारी कर 20 फरवरी तक का समय सूचना देने के लिए तय किया था। बुधवार तक एक भी अवैध कालोनी की जानकारी नहीं मिली, इसके चलते निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने समय सीमा बढ़ाकर चार मार्च कर दी है।

शासन के नियमानुसार 31 दिसंबर 2016 से पहले बनाई गई अनधिकृत (अवैध) कालोनियों की जानकारी में कालोनाइजर का नाम, पता, ग्राम, सर्वे नंबर, रकबा, नक्शा आदि देना है। यह जानकारी लेने में रहवासियों को भी खासी मशक्कत करना पड़ेगी। अगर निगम को जानकारी मिल भी जाती तो संबंधित कालोनाइजर पर एफआइआर के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। यही वजह है कि अभी तक एक भी कालोनी की जानकारी नहीं मिल पाई है।

**रतलाम से हुई थी वैध करने की शुरुआत :** अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से ही वर्ष 2014-15 में हुई थी। तब पहले चरण में वैध हुई 17 कालोनियों में विकास कार्य के लिए सात करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। चार करोड़ रुपये के काम होने के बाद कांग्रेस सरकार में वर्ष 2019 में वैध करने की प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। दूसरे चरण की 33 कालोनियों में 19 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए थे।

### 50 कालोनियों को पहले ही चिह्नित कर चुका है निगम

शहर में करीब 110 अवैध कालोनियां हैं। इसमें से 50 को नगर निगम पहले ही सर्वे करवाकर चिह्नित कर चुका है। अवैध कालोनियों में मालवानगर व पीएंडटी कालोनी, वर्धमाननगर (सेक्टर-2), महेशनगर (इंदिरानगर), आदर्शनगर, पटवारी कालोनी, सखवालनगर, धीरजशाहनगर, संजयनगर, रेलनगर (राजगढ़), गणेश नगर (राजगढ़), कल्याण नगर, करमदी रोड (तेजानगर ब्लाक नंबर दो के पास), राजीवनगर (राजगढ़), महेशनगर (राजगढ़), कोमलनगर (राजगढ़), भांभी गृह निर्माण समिति ऊंकाला रोड, बसंत कालोनी, मिल्लत नगर, न्यू पटेल कालोनी, लालजी का बाग, प्रतापनगर के सामने (आरओबी) के नीचे, होमगार्ड कालोनी के पीछे गली नंबर चार, राजस्वनगर, रहमतनगर, बापूनगर, राजू नगर डीजल शेड के पास, राम रहीम नगर, मौलाना आजाद नगर, हम्माल नगर, सैफी नगर, विक्रम नगर होटल, सौभाग्य नगर, निरालानगर, मोहननगर, ज्योतिनगर (करमदी), समतानगर, श्रीरामनगर, अभय नगर, जनता नगर कालोनी, बागेश्वरी गृह निर्माण सहकारी समिति, भवानीनगर (राजगढ़), त्रिमूर्तिनगर सैलाना रोड, करण नगर, करमदी रोड सावरिया मंदिर के सामने, आंधा सेठ की पुलिया के पास गुलाबशाहवली दरगाह रोड की कालोनी, सरस्वती नगर चमारिया नाका, अशोक नगर, लक्ष्मीनगर सी कालोनी, शृंगी नगर, गणेशनगर, शक्तिनगर, रत्नेश्वर रोड कालोनी, कासमास के पीछे, शिवनगर, शिवमनगर (सुरभि परिसर के पास), भवानीनगर के सामने राजगढ़, बुद्धेश्वर रोड सैनिक कालोनी के पास शामिल हैं।

> अवैध कालोनियों के नियमितीकरण के लिए बनाए गए नियमों का पालन करके प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आमजन चार मार्च तक जानकारी दे सकते हैं।
>
> **- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

नई.

नईदुनिया 17/2/22

# रतलाम में पागल कुत्ते ने सात लोगों को काटा

## आवारा कुत्तों के कारण लोगों की हुई नींद हराम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

रतलाम के त्रिवेणी रोड से लेकर त्रिपोलिया गेट तक एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। दहशत के साथ आक्रोशित रहवासियों ने कुत्ते को लाठियों से पीटकर मार दिया। कुत्ते के हमले से 2 मासूम बच्चों सहित 7 लोगों को चोटें पहुंची। जिला अस्पताल में हमले में घायल 2 बच्चों के अलावा 1 युवती उपचार कराने पहुंची, जबकि शेष 4 घायलों ने क्षेत्र के निजी क्लीनिक पर उपचार कराया।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे त्रिवेणी क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम वाले मार्ग से एक पागल कुत्ता राहगीरों पर हमला करता रहवासियों को दिखाई दिया। लोग कुछ समझ पाते की उसके पहले कुत्ते ने क्षेत्र में ओटले पर खेल रहे 3 वर्षीय दिव्यांश पिता सुमित राठौड़ पर हमला कर उसे करीब 20 फीट तक घसीट ले गया। इसके कारण दिव्यांश के पेट पर गंभीर जख्म पहुंचे। इसके बाद पागल कुत्ता त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में पहुंचा और एक निजी क्लीनिक के बाहर 4 वर्षीय अरविन्द पिता सुनिल भूरिया पर हमला कर जख्मी कर दिया। अरविन्द अपने माता-पिता के साथ 25 दिन की छोटी बहन का उपचार कराने साथ आया था। अरविन्द को घायल करने के बाद पागल कुत्ते ने राजपुरा निवासी 25 वर्षीय युवती सोनू पर हमला कर घायल कर दिया। करीब डेढ़ घण्टे तक कुत्ते ने राहगीरों सहित दोपहिया वाहन चालकों पर हमला किया।


**घटना के बाद आक्रोशित रहवासियों ने कुत्ते को मारकर नाली में फेंक दिया**

आधा दर्जन से अधिक बच्चे व बड़ो पर हमला करने के बाद त्रिवेणी रोड से गुजर रही मैजिक के टायर को पकड़ लिया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ एकजुट हो गई और पागल कुत्ते को लाठियों से पीटकर मार दिया। रहवासियों में जिला व नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी भी देखने को मिली। रहवासियों का आरोप है कि हाल में एक एनजीओ को कुत्तों के बधियाकरण का काम सौंपा है, लेकिन इसकी मॉनिटरिंग नहीं होने से बधियाकरण का काम लेने वाली एनजीओ दस्तावेजों पर खाना पूर्ति कर रही है।

अवन्तिका 17/2/22

# पागल कुत्ते का आतंक

## दो मासूमों और एक महिला को काटा



रतलाम. शहर के त्रिवेणी रोड और त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पागल कुत्ते ने आतंक मचा दिया। आधा दर्जन लोगों को इस कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। इनमें दो मासूम हैं। एक मासूम को तो पागल कुत्ता उठाकर ले जाने लगा तो लोगों ने छुड़ाया। त्रिवेणी रोड पर घर के बाहर खेल रहे चार साल के दिव्यांश पिता सुमित राठौड़ को सीने में पागल कुत्ते ने दांत गड़ा दिए और उसे ले जाने लगा। लोगों ने छुड़ाया तो कुत्ता त्रिपोलिया गेट तरफ भाग गया। सोनूबाई 25 को शिकार बनाने के बाद अरविंद पिता सुनील 4 निवासी कनेरी को शिकार बनाया। तीन अन्य लोगों को भी कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। मैजिक का टायर मुंह से पकड़ लिया तो छोड़ा ही नहीं। यह देख लोगों ने लाठियों से उस पर हमला कर दिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पत्रिका 17/2/22

# बच्चे सहित 7 पर कुत्ते का हमला, भीड़ ने पीट-पीटकर कुत्ते को मार डाला

रतलाम | त्रिवेणी रोड से लेकर त्रिपोलिया गेट तक एक कुत्ते ने बुधवार को आतंक मचाया। कुत्ते ने 3 साल के बच्चे सहित 7 लोगों को घायल कर दिया। इधर, गुस्साए लोगों की भीड़ ने कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला।



घायल 3 साल का दिव्यांश।

मामला दोपहर 1 बजे का है। त्रिवेणी से मुक्तिधाम वाले मार्ग पर एक कुत्ता राहगीरों को काटने लगा। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही क्षेत्र में ओटले पर खेल रहे 3 साल के दिव्यांश पिता सुमित राठौड़ पर हमला कर दिया। इससे दिव्यांश के पेट पर जख्म हो गए। वहीं, त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में इसी कुत्ते ने माता-पिता के साथ बहन का इलाज करवाने आए 4 साल के अरविंद पर हमला कर दिया। डेढ़ घंटे तक कुत्ते का आतंक जारी रहा। इधर, लगातार हमले देख गुस्साए लोगों की भीड़ ने कुत्ते को लाठियों से पीटा। इससे कुत्ते की मौत हो गई।

दै. भास्कर 17/2/22

# संत रविदास ने दीनदुखियों की सेवा व मानवता का संदेश दिय

## संत रविदास जयंती के अवसर कार्यक्रम आयोजित हुए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



संत रविदास जयंती के अवसर पर 16 फरवरी को रतलाम जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित हुआ जिसमें वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत ने सदैव दीन-दुखियों की सेवा तथा मानवता का संदेश दिया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रतलाम ग्रामीण विधायक श्री दिलीप मकवाना मौजूद थे। अध्यक्षता श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा ने की, विशेष अतिथि श्री ओमप्रकाश बोरिया थे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर श्री एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, निगम के कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा, उपसंचालक पशु चिकित्सा डा. आर.के. शर्मा, संयोजक ट्राइबल श्रीमती पारुल जैन, अजाक्स के जिला अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर लश्करी," अनुसूचित जाति वर्ग के समाजजन तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुसूचित जाति वर्ग की प्रतिभाओं को तथा उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में विधायक ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना ने अपने उदबोधन में संत श्री रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत ने सदैव कर्म को प्रधानता दी है, बिना कोई भेदभाव के मानव सेवा को सर्वोपरि बताया है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर मानव सेवा के भाव को सदैव अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के संबंध में राज्य शासन की नीति का जिक्र करते हुए श्री मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ अनुसूचित वर्ग को प्राप्त हो रहा है। योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा उठा है। श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा ने अपने उदबोधन में संत रविदास के कर्म को प्रेरणादायक बताया। कर्म भाव से प्रेरणा लेकर मानव सेवा को आत्मसात करने की बात कही। अनुसूचित जाति मोर्चा के ओमप्रकाश बोरिया ने भी अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि श्री रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिले के अनुसूचित जाति वर्ग समाज की प्रतिभाओं तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों के हाथों सम्मानित व्यक्तियों में जिला स्तरीय कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन पर भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देने वाली रावटी की भजन मंडली के सदस्य श्री मदनलाल बोरिया, श्री पप्पूलाल बोरिया, श्री अमृतलाल परमार, श्री राधेश्याम ररोतिया, श्री चंपालाल परमार, श्री भेरुलाल परमार शामिल हैं। इनके अलावा समाज के उद्योगपति, व्यवसाई श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, हिंदी की प्रोफेसर सुश्री सुशीला खरे, केमिस्ट्री के प्रोफेसर श्री विजेंद्र सोलंकी, दिल्ली पुलिस में कार्यरत छाया श्री बामणिया, मेडिकल पढ़ाई में अध्ययनरत श्री जितेंद्र रायकवार, ख्यात पहलवान श्री सुशील सोलंकी, देहरादून में आयोजित मॉडलिंग में प्रथम स्[illegible] प्राप्त करने वाले रावटी के [illegible] मनोज बोरिया, नेशनल मल[illegible] कोच श्री नितेश चावरे, एमएससी [illegible] गोल्ड मेडलिस्ट रुचिका जोग[illegible] धानासुता, भोज यूनिवर्सिटी [illegible] टॉपर सुश्री पूजा लश्करी, रतल[illegible] मेडिकल कॉलेज के एमबीबीए[illegible] पाठ्यक्रम में अध्ययनरत श्री भावे[illegible] खंडेलवाल, अंतर जाति विव[illegible] योजना के तहत श्री गोपाल-श्वे[illegible] यादव, श्री रोहित-किरण खंडक[illegible] आदर्श वाल्मीकि पंचायत के पटे[illegible] श्री विजय खरे शामिल है।

नगर निगम रतलाम के 1[illegible] स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानि[illegible] किया गया, इनमें अजय बाबूलाल श्री गोवर्धन मुंशी, अर्जुन जगदीश श्री मदन रौबूद, फकीरचं[illegible] रतनलाल, रामपाल मांगीलाल, श्रीमती भारती विनोद, श्रीमती टीना जयसिंह, श्रीमती मुन्नीबाई जीवन तथा चेतन जमुनालाल शामिल है। कार्यक्रम का संचालन श्री हरीश ठक्कर ने किया आभार सुश्री पारुल जैन ने माना। संत रविदास जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय के अलावा तहसील मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

अवन्तिका।

अवन्तिका 17/2/22

**दिक्कत** • बाजार आने वाले नागरिकों को वाहन सड़क पर खड़े करना पड़ते हैं, अतिक्रमण हटाने के लिए निगम अब तक ठोस कदम नहीं उठा पाया है

# समस्या एक-तस्वीर दो : सैलाना रोड फुटपाथ के अतिक्रमणों को खुली छूट, कस्तूरबानगर की गली में चलाया बुलडोजर

## रहवासियों ने ही कोर्ट में प्रकरण लगाया था

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मोटा वेतन लेने वाले नगर निगम के अफसर खुद तो जिम्मेदारी से काम नहीं करते लेकिन ऊपर से आदेश या निर्देश मिलता तो कार्रवाई ऐसे करते हैं। जैसे बहुत बड़ा काम कर दिया हो।

बुधवार को ऐसा ही नजारा कस्तूरबानगर की गली नंबर सात में देखने को मिला। यहां न्यायालय के आदेश के करीब पांच माह आयुक्त सोमनाथ झारिया ने खुद नगर निगम अमले के साथ खड़े रहकर मकानों के आगे अतिक्रमण हटाया। दूसरी तरफ जिस सैलाना रोड से निगम के कई अफसर रोजाना आवाजाही करते हैं, उसके दोनों तरफ के फुटपाथ अतिक्रमण के कारण दिन में दिखाई ही नहीं देते। बाजार आने वाले नागरिकों को वाहन सड़क पर खड़ा करना पड़ते हैं। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए निगम अब तक ठोस कदम नहीं उठा पाया है।

**सूनी गली में सख्ती** : 11 मकानों का अतिक्रमण तोड़ा



कस्तूरबानगर गली नम्बर 7 की वास्तविक चौड़ाई 60 फीट है। सड़क के दोनों तरफ रहवासियों ने कच्चा-पक्का अतिक्रमण करने से यह 22 फीट रह गई थी। तीन-चार रहवासियों ने ही उच्च न्यायालय में प्रकरण लगाया था। कोर्ट से आदेश होने के बाद दिसंबर में निगम अमले ने नपती कर 47 मकान वालों को नोटिस जारी किए थे। दूसरी बार कोर्ट का निर्देश मिलने पर 15 दिन पहले चूने की लाइन डालकर खुद अतिक्रमण हटाने का समय दिया था। 70 से 80 प्रतिशत लोगों ने हटा लिया था, कुछ अब भी अड़े हुए थे। उनका बुधवार को निगम ने अतिक्रमण तोड़ दिया। एसडीएम राजेश शुक्ला, आयुक्त सोमनाथ झारिया, सीएसपी हेमंत चौहान आदि मौजूद रहे।

**सघन क्षेत्र में सुस्ती** : राम मंदिर से सज्जन मिल तक के फुटपाथ पर कब्जा



इधर, सैलाना रोड के राम मंदिर से सज्जन मिल गेट तक दोनों तरफ दुकानदारों ने निर्माण या सामान रखकर स्थाई व अस्थाई कब्जा कर रखा है। इनकी तरफ निगम अफसरों ने कभी ध्यान नहीं दिया। कुछ दुकानदार काउंटर, आलमारी, वाहन रखकर तो कुछ भट्टी व अन्य सामान रखकर दिनभर दुकानदारी करते हैं। इससे परेशानी ग्राहकों को उठाना पड़ती है, जिन्हें खरीदारी के लिए वाहन सड़क पर खड़े करना पड़ते हैं। डेढ़ साल पहले निगम ने कुछ दुकानों का अतिक्रमण हटाया था, लेकिन इसके बाद फिर ध्यान देना बंद कर दिया। इसका फायदा उठाकर दुकानदारों ने फिर फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है। भास्कर

दै. भास्कर 17/2/22

न्यायालय के आदेश के बाद सड़क पर चला जेसीबी का पंजा

# कस्तूरबा नगर गली नंबर-7 में प्रशासन ने तोड़ा अतिक्रमण

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



प्रशासन द्वारा कस्तूरबा नगर स्थित गली नंबर-7 की सरकारी कब्जे वाली सड़क पर बना अतिक्रमण तोड़ दिया गया। बुधवार दोपहर 3 बजे जिला और पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को तोड़ा गया। अतिक्रमण तोड़ने के पहले तीन महीने में पांच बार कब्जेधारियों को नोटिस दिया गया था।

कस्तूरबा नगर गली नंबर-7 में सड़क के दोनों तरफ नियम से बेखौफ अतिक्रमणकर्ताओं ने कब्जा कर इसे 22 फीट पर सिमट दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हरकत में आए प्रशासनिक अधिकारियों ने नपती करवाकर रसूखदार अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस दिया गया था, लेकिन नोटिस का कोई जवाब नही दिया गया। गली नंबर-7 की 60 फीट चौड़ी सड़क नपती के दौरान 22 फीट संकरी पाई गई थी।

दिसंबर-2021 में नपती के दौरान पाया था कि लोगों ने सड़क के दोनों तरफ अवैध बाउंड्रीवॉल, लोहे की जाली, गैलरी, बगीचा, पक्का निर्माण करने के अलावा कार खड़ी करने के लिए शेड लगाने के साथ ही पेवर ब्लॉक लगा दिए थे। ऐसे 47 भवन स्वामियों को चिन्हित कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 में नोटिस जारी भी हुआ था। नोटिस के बाद स्वै%छा से अतिक्रमण हटाने की बात कहने जब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया मौके पर पहुंचे थे तो उन्हें सत्ताधारी पार्टी के एक रहवासी ने अपना दबदबा दिखाते हुए उल्टे पैर रवाना कर दिया था। समय-सीमा में कब्जा नहीं हटाने वालों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई पश्चात प्रति घंटे 15 हजार रुपए के मान से जुर्माना भी वसूला जाएगा। २१७

राज एक्सप्रेस 17/2/22

# पागल श्वान ने दो बच्चों सहित सात को काटा

**दर्दनाक :** तीन साल के बालक को घसींटता हुआ पचास फीट दूर तक ले गया, गुस्साए लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में जहां-तहां श्वान आतंक मचा रहे हैं। बुधवार दोपहर एक पागल श्वान ने शहर के त्रिवेणी रोड व त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में अचानक लोगों को काटना शुरू किया। ओटले पर परिवार के साथ बैठे तीन वर्षीय बालक को श्वान करीब पचास फीट दूर तक घसीटता हुआ ले गया। लोगों ने जैसे-तैसे बालक को छुड़ाया। फिर श्वान ने त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में चार वर्षीय बालक व एक महिला सहित छह लोगों को भी काट लिया। इस पर गुस्साए लोगों ने पीट-पीट कर श्वान को मार डाला।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे तीन वर्षीय दिव्यांश पुत्र सुमित राठौड़ निवासी त्रिवेणी रोड घर के बाहर ओटले पर माता-पिता व अन्य स्वजन के बीच बैठा था। इसी बीच एक पागल श्वान वहां पहुंचा और दिव्यांश को घसीटते हुए ले जाने लगा। परिवार के लोगों ने पीछा कर जैसे-तैसे छुड़ाया, लेकिन तब तक बालक के पेट पर श्वान के दांतों से घाव होकर खून निकलने लगा था। दिव्यांश के काका मोनू राठौड़ ने बताया कि जिला अस्पताल में बालक का इलाज कराया गया। उधर श्वान ने त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में चार वर्षीय अरविंद पुत्र सुनील भूरिया निवासी ग्राम कनेरी, 25 वर्षीय सोनूबाई निवासी ग्राम राजपुरा व चार अन्य लोगों को भी काट लिया। अरविंद व सोनूबाई का भी जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। शेष लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराने चले गए। क्षेत्रवासियों ने बताया कि लोगों ने श्वान को भगाने की कोशिश की तो वह हमला करने लगा। इसी बीच उसने एक जगह खड़े मैजिक वाहन का टायर मुंह से पकड़ लिया। लोगों ने पत्थर व लाठियां मारकर टायर छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन उसने नहीं छोड़ा। डंडे आदि से मारने पर श्वान की मौत हो गई।



दिव्यांश राठौड़ • नईदुनिया

### एक माह पहले रैबीज से हो चुकी है बालिका की मौत

15 दिसंबर 2021 को समीपस्थ ग्राम रामपुरिया में आठ वर्षीय ममता पुत्री हरजी पारगी को भी श्वान ने काट लिया था। इससे बालिका की आठ जनवरी 2022 को तबीयत बिगड़ गई थी। स्वजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया था। तब यह बात सामने आई थी कि ममता को स्वजन एक निजी अस्पताल ले गए थे, वहां उसे टिटनेस का इंजेक्शन लगाया था। पिता को जिला अस्पताल ले जाकर रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए कहा था, लेकिन नहीं लगवाया गया था। श्वान के काटने के बाद समय पर प्राथमिक उपचार व रैबीज का इंजेक्शन लगवाना जरूरी है।

## दो दिन में 37 लोगों को श्वानों ने काटा

जिले में विभिन्न मार्गों पर श्वान झुंड बनाकर घूमते रहते हैं। श्वानों के दोपहिया वाहनों के पीछे भागने से हादसे भी होते हैं। गत दो दिनों में अलग-अलग स्थानों पर श्वानों ने 37 लोगों को काट लिया। लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। मंगलवार को 23 व बुधवार को 14 व्यक्ति इलाज कराने पहुंचे।

### बहन के इलाज के लिए माता-पिता के साथ आया था

बालक अरविंद के दादा जगदीश भूरिया ने बताया कि 15 दिन पहले अरविंद की छोटी बहन का जन्म हुआ है। बच्ची की तबीयत खराब होने पर उनका पुत्र सुनील व बहू विष्णु उसे त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में एक निजी क्लीनिक पर ले गए थे। अरविंद भी उनके साथ था। वह क्लीनिक से कुछ दूर खड़ा था, तभी श्वान ने उसके पैर में काट लिया।

### निगम करवा रहा बधियाकरण

श्वानों की संख्या कम करने के लिए निगम ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर केंद्र बनाकर जयपुर की फर्म को 5000 श्वानों के बधियाकरण का ठेका दिया है। इसमें 1000 श्वानों का बधियाकरण किया जा चुका है।

नईदुनिया 17/2/22

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण हेतु शिविर 17 व 18 फरवरी को

रतलाम।

**सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त कल्याण विभाग के सहयोग से पीटीसी फाउंडेशन ट्रस्ट, नई दिल्ली के निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत रतलाम में दिव्यांगजनो को नि:शुल्क सहायक उपकरण प्रदाय हेतु एलिम्को उज्जैन द्वारा दो दिवसीय परीक्षण शिविर 17 व 18 फरवरी को रतलाम तथा जावरा में आयोजित किए जा रहे है। शिविरों में एलिम्को के स्वतंत्र निदेशक उमेश झालानी एवं पीटीसी फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य वित्त अधिकारी शिवानंद झा भी उपस्थित रहेंगे।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण करने हेतु रतलाम एवं जावरा विकासखण्ड पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत रतलाम में 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। रतलाम शिविर में जनपद पंचायत रतलाम, सैलाना, बाजना नगर निगम रतलाम एवं नगर परिषद् धामनोद, नामली सम्मिलित किए गए हैं। जनपद पंचायत रतलाम में 65, सैलाना में 10, बाजना में 10, नगर निगम में 50 व नगर परिषद् धामनोद में 5 नामली में 5 व सैलाना के 5 निःशक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद पंचायत जावरा में 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें जनपद पंचायत जावरा, पिपलौदा, आलोट, नगर पालिका जावरा एवं नगर परिषद् बडावदा, पिपलौदा, ताल तथा आलोट को सम्मिलित किया गया है। जनपद पंचायत जावरा में 65, पिपलौदा में 10, आलोट में 20, नगर पालिका जावरा में 50 एवं नगर परिषद् बावदा मे 5, पिपलौदा में 5, ताल में 5 तथा आलोट में 5 निःशक्तजनों को लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण सुश्री संध्या शर्मा ने बताया कि अस्थि बाधित, निःशक्तजनों के लिए मोट्रेट ट्राईसाइकल, ट्राय साइकल, व्हील चेयर, बैसाखी, केलिपर्स, कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवणबाधित निःशक्तजनों के लिए श्रवण यंत्र, मंदबुद्धि बच्चों के लिए एमएसआईडी कीट, दृष्टिबाधितों के लिए ब्लाईंड स्टीक व अन्य सहायक उपकरण, सेलेब्रल पालिसी बच्चों के लिए सी.पी. चेयर आदि सहायक उपकरण वितरण किए जाने हेतु हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निःशक्त व्यक्ति, निःशक्तता प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मोबाइल नम्बर आवश्यक रुप से साथ में लाएं। न्यूनतम निःशक्तजनों के जनपद/निकाय के अनुसार दिए गए टारगेट अनुसार निःशक्तजनों को निःशक्तता परीक्षण शिविरों में निःशक्तता प्रमाण पत्र के साथ निःशक्तजनों को आवश्यक दस्तावेजों सहित (अपना पासपोर्ट साइज फोटो, एड्रेस प्रुफ हेतु राशन कार्ड या मतदाता परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड, समग्र आई.डी क्रमांक एवं मोबाइल नम्बर) एवं शिविर में सम्मिलित होने वाले सभी निःशक्तजनों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे होने का प्रमाण पत्र साथ लाने, कोविड के नियमों यथा मास्क, सेनेटाइजर, दो गज की दूरी आदि की जवाबदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारी को सौंपी गई है। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने क्षेत्रों में डोंडी पिटवाकर या अन्य प्रचार माध्यमों से करवाया जाएगा।

## साफ सफाई की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल जैसी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई

शिविर में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई की व्यवस्था, वृद्धजनों अथवा निःशक्तजनों के पंजीयन, चिन्हांकितों की सूची बनाने, शिविर स्थल पर ही निःशक्तजनों के प्रमाण पत्र, फोटो, मोबाइल नम्बर, युआईडी पोर्ट पर अपलोड करने इत्यादि कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी, शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे टेंट, माइक, पाण्डाल, चिकित्सकों के बैठने हेतु उपयुक्त व्यवस्था, पंजीयन हेतु आवश्यकतानुसार काउंटर, लंच पैकेट आदि व्यवस्थाओं की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौंपी गई है।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 17/2/22

## 5 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 1 का आधे दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रात: 5 व दोपहर में 1 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बुधवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रात: झोन क्रमांक 2 में सरस्वती पति धनराज, रमेश-मुंशी, संजय बच्चु, झोन क्रमांक 3 में किरणबाई पति आनन्द, झोन क्रमांक 4 में रमेश-बाबुलाल इस तरह 5 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 4 में संजय-बच्चु द्वारा अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

## खुले में गंदगी करने का 4 पर जुर्माना

रतलाम। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 16 फरवरी को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 11,300/- की राशि वसूली। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रवि सूर्यवंशी दिलीप नगर, न्यू संतोष स्वीट्स कस्तुरबा नगर पर 5000-5000, दीपक बैरागी महालक्ष्मी नगर पर 1000 व कमरून्निसा दिलीप नगर पर 300 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

17-2-22

नवभारत 17/2/22

## अनुपस्थित पाए गए सफाई मित्रों के वेतन काटे

रतलाम ● वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रात: 10 व दोपहर में 3 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त व निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त व निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

17/2/22

## 10 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 3 का आधे दिवस का वेतन काटा

### बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

रतलाम। वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 10 व दोपहर में 3 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में लखन-रविन्द्र, अजय-विनोद, विक्की-दिनेश, गंगाबाई पति कमलेश, अमन-रमेश, विशाल-प्रहलाद, झोन क्रमांक 3 में हेमलताबाई पति मुकेश, शुभम-राजू, झोन क्रमांक 4 में सुनिताबाई पति राजकपूर, जितेन्द्र-बेजूलाल इस तरह 10 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 2 में राजेष-कैलाश, झोन क्रमांक 4 में झोन क्रमांक 4 में दीपिका पति दिलीप, इन्द्राबाई पति कांतिलाल द्वारा अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

## सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

**रतलाम।** भाजपा के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ़ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सो मे अचानक सुअरो की भरमार हो गई है। ये सुअर कहा से आए, इसकी किसी को जानकारी नही है। सुअरो की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चे प्रभावित हो रहे है। भाजपा नेताओ के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल मे छुडवाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस 17/2/22

### गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर रवि सूर्यवंशी दिलीप नगर, न्यू संतोश स्वीट्स कस्तूरबा नगर से 5000-5000 रुपये, दीपक बैरागी महालक्ष्मी नगर से 1000 रुपये व कमरुन्निसा दिलीप नगर से 300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी।

कार्रवाई-कस्तूरबा गली नं.7

# हाईकोर्ट आदेश का तीन महीने बाद पालन, अतिक्रमण तोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम के कस्तूरबानगर स्थित गली नंबर.7 की सरकारी कब्जेयुक्त सडक पर आखिरकार बुधवार दोपहर 3 बजे भारी सुरक्षा के बंदोबस्त के बीच जेसीबी मशीन चली। 3 माह में 5 बार कब्जे धारियों को नोटिस देने के बाद भी रसूखदारों ने पैंतरे दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी। न्यायालय के आदेश के विपरित अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश भी हुई। अंततः कार्रवाई ने सभी पैंतरों पर पानी फेर दिया।

कस्तूरबानगर गली नंबर.7 में सडक के दोनों तरफ नियम से बेखौफ अतिक्रमणकर्ताओं ने कब्जा कर इसे 22 फीट पर सिमट दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हरकत में आए प्रशासनिक अधिकारियों ने नपती करवाकर रसूखदार अतिक्रमण कर्ताओं को नोटिस थमाया, लेकिन नोटिस मिलते ही उल्टा अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिशें शुरू हो गई थी।

सूत्रों के अनुसार नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग की ओर से अभी तक अतिक्रमणकर्ताओं को 5 बार नोटिस जारी हो चुके थे, इसके बाद भी बेखोफ अतिक्रमणकर्ता राजनीति पार्टियों के नुमाइंदों से दबाव बनाने के प्रयास में जुट गए थे।

गली नंबर.7 की 60 फीट चौड़ी सड़क नपती के दौरान 22 फीट संकरी पाई गई थी। दिसंबर-2021 में नपती के दौरान पाया था कि लोगों ने सड़क के दोनों तरफ अवैध बाउंड्रीवॉल, लोहे की जाली, गैलरी, बगीचा, पक्का निर्माण करने के अलावा कार खड़ी करने के लिए शेड लगाने के साथ ही पेवर ब्लॉक लगा दिए थे। ऐसे 47 भवनस्वामियों को चिन्हित कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 में नोटिस जारी भी हुआ था।

नोटिस के बाद स्वैच्छा से अतिक्रमण हटाने की बात कहने जब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया मौके पर पहुंचे थे तो उन्हें सत्ताधारी पार्टी के एक रहवासी ने अपना दबदबा दिखाते हुए उल्टे पैर रवाना कर दिया था। समय.सीमा में कब्जा नहीं हटाने वालों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई पश्चात प्रति घंटे 15 हजार रुपए के मान से जुर्माना भी वसूला जाएगा। अवन्तिका।

अवन्तिका 17/2/22

# अब चार मार्च तक दी जा सकेगी अवैध कालोनियों की सूचना

## वैध करने के लिए अभी तक एक भी कालोनी की जानकारी नहीं मिली

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर की अवैध कालोनियों में रहने वालों को बुनियादी सुविधाओं के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। वैध करने के लिए चल रही प्रक्रिया में आमजन या अवैध कालोनियों के रहवासियों से ही कालोनी की जानकारी लिए जाने का नियम बनाया गया है। नगर निगम ने चार फरवरी को विज्ञप्ति जारी कर 20 फरवरी तक का समय सूचना देने के लिए तय किया था। बुधवार तक एक भी अवैध कालोनी की जानकारी नहीं मिली, इसके चलते निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने समय सीमा बढ़ाकर चार मार्च कर दी है।

शासन के नियमानुसार 31 दिसंबर 2016 से पहले बनाई गई अनधिकृत (अवैध) कालोनियों की जानकारी में कालोनाइजर का नाम, पता, ग्राम, सर्वे नंबर, रकबा, नक्शा आदि देना है। यह जानकारी लेने में रहवासियों को भी खासी मशक्कत करना पड़ेगी। अगर निगम को जानकारी मिल भी जाती तो संबंधित कालोनाइजर पर एफआइआर के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। यही वजह है कि अभी तक एक भी कालोनी की जानकारी नहीं मिल पाई है।

**रतलाम से हुई थी वैध करने की शुरुआत :** अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से ही वर्ष 2014-15 में हुई थी। तब पहले चरण में वैध हुई 17 कालोनियों में विकास कार्य के लिए सात करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। चार करोड़ रुपये के काम होने के बाद कांग्रेस सरकार में वर्ष 2019 में वैध करने की प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। दूसरे चरण की 33 कालोनियों में 19 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए थे।

### 50 कालोनियों को पहले ही चिह्नित कर चुका है निगम

शहर में करीब 110 अवैध कालोनियां हैं। इसमें से 50 को नगर निगम पहले ही सर्वे करवाकर चिह्नित कर चुका है। अवैध कालोनियों में मालवानगर व पीएंडटी कालोनी, वर्धमाननगर (सेक्टर-2), महेशनगर (इंदिरानगर), आदर्शनगर, पटवारी कालोनी, सखवालनगर, धीरजशाहनगर, संजयनगर, रेलनगर (राजगढ़), गणेश नगर (राजगढ़), कल्याण नगर, करमदी रोड (तेजानगर ब्लाक नंबर दो के पास), राजीवनगर (राजगढ़), महेशनगर (राजगढ़), कोमलनगर (राजगढ़), भांभी गृह निर्माण समिति ऊंकाला रोड, बसंत कालोनी, मिल्लत नगर, न्यू पटेल कालोनी, लालजी का बाग, प्रतापनगर के सामने (आरओबी) के नीचे, होमगार्ड कालोनी के पीछे गली नंबर चार, राजस्वनगर, रहमतनगर, बापूनगर, राजू नगर डीजल शेड के पास, राम रहीम नगर, मौलाना आजाद नगर, हम्माल नगर, सैफी नगर, विक्रम नगर होटल, सौभाग्य नगर, निरालानगर, मोहननगर, ज्योतिनगर (करमदी), समतानगर, श्रीरामनगर, अभय नगर, जनता नगर कालोनी, बाणेश्वरी गृह निर्माण सहकारी समिति, भवानीनगर (राजगढ़), त्रिमूर्तिनगर सैलाना रोड, करण नगर, करमदी रोड सावरिया मंदिर के सामने, आंधा सेठ की पुलिया के पास गुलाबशाहवली दरगाह रोड की कालोनी, सरस्वती नगर चमारिया नाका, अशोक नगर, लक्ष्मीनगर सी कालोनी, शृंगी नगर, गणेशनगर, शक्तिनगर, रत्नेश्वर रोड कालोनी, कासमास के पीछे, शिवनगर, शिवमनगर (सुरभि परिसर के पास), भवानीनगर के सामने राजगढ़, बुद्धेश्वर रोड सैनिक कालोनी के पास शामिल हैं।

---

अवैध कालोनियों के नियमितीकरण के लिए बनाए गए नियमों का पालन करके प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आमजन चार मार्च तक जानकारी दे सकते हैं।

**- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

---

नई।

नईदुनिया 17/2/22

# प्रतिभाओं, उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान

17-2-22

रतलाम। संत रविदास जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित हुआ। नवभारत

मुख्य अतिथि रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना मौजूद थे। अध्यक्षता राजेंद्रसिंह लुनेरा ने की, विशेष अतिथि ओमप्रकाश बोरिया थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. आर.के. शर्मा, संयोजक ट्राइबल पारुल जैन, अजाक्स के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, अनुसूचित जाति वर्ग के समाजजन तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे।



इस अवसर पर अनुसूचित जाति वर्ग की प्रतिभाओं को तथा उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिले के अनुसूचित जाति वर्ग समाज की प्रतिभाओं तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों के हाथों सम्मानित व्यक्तियों में जिला स्तरीय कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन पर भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देने वाली रावटी की भजन मंडली के सदस्य मदनलाल बोरिया, पप्पूलाल बोरिया, अमृतलाल परमार, राधेश्याम ररोतिया, चंपालाल परमार, भेरुलाल परमार शामिल हैं। इनके अलावा समाज के उद्योगपति, व्यवसाई लक्ष्मीनारायण सोलंकी, हिंदी की प्रोफेसर सुशीला खरे, केमिस्ट्री के प्रोफेसर विजेंद्र सोलंकी, दिल्ली पुलिस में कार्यरत छायाश्री बामणिया, मेडिकल पढ़ाई में अध्ययनरत जितेंद्र रायकवार, ख्यात पहलवान सुशील सोलंकी, देहरादून में आयोजित मॉडलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रावटी के मनोज बोरिया, नेशनल मलखंभ कोच नितेश चावरे, एमएससी में गोल्ड मेडलिस्ट रुचिका जोगचंद धानासुता, भोज यूनिवर्सिटी की टॉपर पूजा लश्करी, रतलाम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत भावेश खंडेलवाल, अंतर जाति विवाह योजना के तहत गोपाल-श्वेता यादव, रोहित-किरण खंडकर, आदर्श वाल्मीकि पंचायत के पटेल विजय खरे शामिल है। नगर निगम रतलाम के 10 स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया गया।

नवभारत 17/2/22

# कस्तूरबा नगर गली नंबर सात में हटाया अतिक्रमण



कस्तूरबा नगर गली नंबर सात में अतिक्रमण हटाता निगम अमला। ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कस्तूरबा नगर स्थित गली नंबर सात में सड़क की जमीन पर किया गया अतिक्रमण बुधवार को नगर निगम अमले ने हटाया।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान के निर्देशन में दोपहर करीब तीन बजे जेसीबी सहित अन्य संसाधन लेकर टीम मौके पर पहुंची। शाम करीब सात बजे तक चली कार्रवाई में मकानों के बाहर बने पोर्च, छज्जे आदि तोड़ दिए गए। गली में सड़क की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर शीतल मेहता, राजेंद्र जैन सहित अन्य कुछ लोगों ने हाइकोर्ट में याचिका लगाई थी।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद निगम इंजीनियरों नपती की तो नक्शे में 60 फीट की सड़क मौके पर 22 से 25 फीट की ही निकली। इसके बाद दिसंबर 2021 से अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू की गई। अतिक्रमण कर बाउंड्रीवाल, लोहे की जाली, बगीचा, शेड आदि बनाने पर 47 भवन स्वामियों को निगम से जनवरी माह में नोटिस जारी किए गए। इसके बाद अधिकांश भवन स्वामियों ने स्वयं निर्माण हटा लिए थे। शेष बचे निर्माण बुधवार को तोड़े गए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित प्रशासन, पुलिस व नगर निगम अमला मौजूद रहा।

नईदुनिया 17/2/22

# कॉलोनी की सड़क चौड़ी करने का हवाला दे जेसीबी से हटाया अतिक्रमण



**रतलाम.** शहर के कस्तुरबा नगर स्थित रोड नंबर 7 की गली के अतिक्रमण को बुधवार दोपहर 2 बजे बाद नगर निगम के अमले ने हटा दिया। निगम के अनुसार उनके नक्शे में यह रोड 60 फीट की थी, जिसे अतिक्रमण करके 22 फीट का कर दिया गया था। निगम अमले द्वारा की गई कार्रवाई के पूर्व ही कुछ लोगों ने अतिक्रमण को हटाकर स्वयं को सुरक्षित कर लिया था। इसलिए निगम को बचे हुए अतिक्रमण को जेसीबी से ढहाने में अधिक मेहनत नहीं करना पड़ी। निगम का अमला वरिष्ठ अधिकारियों व पुलिस बल के साथ दोपहर 2 बजे बाद कस्तुरबा नगर की गली नंबर सात में पहुंचा। निगम की कार्रवाई की सूचना पहले ही क्षेत्र में पहुंच गई थी। निगम के अधिकारियों के अनुसार अवैध निर्माण में वाहन पार्किंग के साथ - साथ पक्का निर्माण भी कर लिया गया था। इसके बाद ही 47 आवास मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। अब कार्रवाई के बाद निगम अतिक्रमणकर्ताओं को 15 हजार रुपए मान से वसूली का नोटिस जारी करने जा रहा है।

पत्रिका 17/2/22

# आज से रोजगार मेलों का आयोजन

रतलाम. प्रशासन द्वारा भारत की आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत जिले की समस्त जनपद पंचायतों में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन 17 से 24 फरवरी तक किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिडे ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेलों के तहत 17 फरवरी को शासकीय बालक उमावि रावटी में, 18 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर सैलाना, 21 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, 22 फरवरी को शासकीय आईटीआई परिसर सैलाना रोड पर, 23 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर आलोट में तथा 24 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर जावरा में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक स्वरोजगार शिविर आयोजित होंगे। रोजगार मेलों में सिक्युरिटी गार्ड सहित विभिन्न कम्पनी द्वारा भाग लिया जाएगा। मेलों में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदाय की जाकर उनके ऋण प्रकरण भी बनाए जाएंगे।

पत्रिका

पत्रिका 17/2/22

# कस्तूरबानगर में पानी की पाइप लाइन लीक, रोज सड़क पर बहता है पानी




**रतलाम** | कस्तूरबा नगर जैन मंदिर वाली सड़क पर पानी की पाइप लाइन लीक हो रही है। पानी सड़क पर बह रहा है। चूंकि व्यापारिक और व्यवसायिक क्षेत्र है। लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। व्यापारी अमित कोठारी ने बताया दिनभर पानी भरा रहने से दुकान में आने जाने में दिक्कत है। ग्राहक परेशान होते हैं। आसपास के दुकानदार परेशान हैं। भास्कर

दै. भास्कर 17/2/22

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 60 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में एसडीएम श्री राजेश शुक्ला तथा एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भीमावद द्वारा 60 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में सिलावटों का वास निवासी हसन नूरानी ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी का हुसैनी नगर के पास भूखण्ड स्थित है जिसके आगे शासकीय भूमि है जो खुली पडी हुई है। कतिपय लोगों द्वारा खुली शासकीय भूमि के साथ ही मेरे भूखण्ड के आगे भी अनाधिकृत रुप से कब्जा करते हुए झोपडी बना ली गई है तथा गैरकानूनी गतिविधियां संचालित करते हैं, जिससे प्रार्थी को भूखण्ड पर आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। साथ ही समीपस्थ रहने वाले नागरिक भी अप्रिय घटना के घटित होने से भयभीत रहते हैं।

बरगुण्डो का वास निवासी आतिफ अंसारी ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थी द्वारा एक निजी स्कूल से सन् 2017 में कक्षा 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की गई थी परन्तु पारिवारिक स्थिति के कारण प्रार्थी आगे की पढाई जारी नहीं रख पाया। प्रार्थी कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण करना चाहता है परन्तु स्कूल संचालक द्वारा उसे टीसी प्रदाय नहीं की जा रही है तथा कहा जा रहा है कि कक्षा 11 वीं की बकाया फीस (40 हजार रुपए) जमा करो तभी टीसी मिल पाएगी। जबकि प्रार्थी द्वारा कक्षा 11 वीं की पढाई उस स्कूल में की ही नहीं गई है। अतः टीसी प्रदाय करवाने का कष्ट करे। प्रकरण निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया हैं।

जनसुनवाई में सिलावटों का वास निवासी अशोक वर्मा ने बताया कि प्रार्थी को महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रुपए प्राप्त होना था परन्तु प्रार्थी को 25 हजार रुपए ही प्राप्त हुए। अतः शेष राशि का भुगतान करवाया जाए। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। गांधी नगर निवासी श्रीमती हेमा पति स्व. कमलेश बोमलिया ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थिया की सास नगर निगम में सफाई कर्मचारी थी जिनकी मृत्यु सन् 2019 में हो गई थी जिस पर प्रार्थिया के पति कमलेश बोमलिया को अनुकम्पा नियुक्ति हेतु कार्यवाही की गई थी परन्तु नियुक्ति के पूर्व ही उनके पति की मृत्यु हो गई। प्रार्थिया द्वारा सास के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किए जाने हेतु आवेदन आयुक्त नगर निगम को दिया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रार्थिया किराये के मकान में निवास करती है तथा प्रार्थिया का एक पांच वर्षीय पुत्र है जिसका लालन-पालन करने में प्रार्थिया को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। अतः प्रार्थिया को नगर निगम में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाए। प्रकरण निराकरण के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम को प्रेषित किया गया है।

### जिला परियोजना समन्वयक श्री सासरी तथा सहायक परियोजना अधिकारी का वेतन रोका

रतलाम। दायित्व का निर्वहन नहीं करने और अत्यंत खराब कार्य प्रगति के दृष्टिगत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला शिक्षा केंद्र के परियोजना समन्वयक श्री मोहनलाल सासरी तथा सहायक परियोजना समन्वयक श्री के.एल. डोडियार का वेतन रोक दिया गया है। साथ ही दोनों अधिकारियों के विरुद्ध विस्तृत आरोप पत्र तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केंद्र आयुक्त श्री एस. धनराजू द्वारा भी श्री सासरी की खराब प्रगति को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। बताया गया है कि कलेक्टर द्वारा दोनों अधिकारियों को बैठकों में लगातार निर्देशित किए जाने के बाद भी कई घटकों में प्रगति अत्यंत ही खराब रही है। स्वतंत्र

स्वतंत्र प्रभात 17/2/22

नगरीय निकाय

विकास कार्यों की लागत की 125 फीसदी देनी होगी बैंक गारंटी

# भूखंड बंधक बनाने के बजाय बैंक गारंटी दे सकेंगे कॉलोनाइजर

भोपाल @ पत्रिका. कॉलोनी में विकास कार्य के लिए कॉलोनाइजर भूखंड को बंधक बनाने के बजाय बैंक गारंटी भी निकायों में दे सकेंगे। ये गारंटी सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज लाइन सहित अन्य आंतरिक विकास कार्यों की लागत के 125% के बराबर होगी। निकायों में बंधक के रूप में रखे प्लॉट और बैंक गारंटी विकास कार्यों के प्रतिशत के आधार पर मुक्त की जाएगी। कॉलोनी में 50 फीसदी विकास कार्य करने पर आधे बंधक प्लाट और राशि मुक्त की जा सकेगी।



बंधक रखे प्लॉटों, मकानों सहित अन्य संपत्ति के संबंध में कॉलोनाइजर को वहां लिखना और बताना होगा। इसकी जानकारी रजिस्ट्रार ऑफिस और नगर निगम में भी देनी होगी, जिससे वे इस प्लॉट, मकान अथवा अन्य संपत्ति को न बेंच सकें। जैसे-जैसे विकास कार्य पूर्ण होते जाएंगे, वैसे-वैसे बंधक राशि, प्लाट, माकान सहित अन्य संपत्तियां मुक्त होती जाएगी। पहले चरण में 50%, दूसरे चरण में 75% और तीसरे चरण में 100% बंधक संपत्ति को मुक्त किया जाएगा। कॉलोनाइजर द्वारा विकास कार्य न करने, नियम और शर्तों का उल्लंघन करने पर बंधक संपत्ति को बेचकर उक्त कार्य को निकाय पूरा करेगी। अगर इससे भी विकास कार्य नहीं हो पाता है तो बकाया राशि अन्य संपत्तियां से वसूल की जाएगी। इसके लिए कॉलोनाइजर को सुनवाई का मौका निकायों को देना अनिवार्य होगा। पत्रिका

## पैसा आधा-आधा, विकास होगा पूरा

प्रदेश के जिन अवैध कॉलोनियों में 70% से अधिक निवासी गरीब होंगे, वहां विकास कार्य नगरीय निकाय कराएंगे। सामान्य कॉलोनियों में विकास कार्य के लिए 50% राशि निकाय देंगे और 50% राशि रहवासियों को देना होगा। सरकार ने विकास शुल्क दो किस्तों में देने छूट दी है। राशि वसूलने के साथ-साथ विकास कार्य भी निकायों को शुरू करने होंगे। यह एक-दो साल में किए जाने हैं।

## पोर्टल के जरिए होगा रजिस्ट्रेशन

नगरीय प्रशासन ने कॉलोनाइजर्स को बड़ी राहत दी है। कॉलोनाइजर्स एक ही रजिस्ट्रेशन पर पूरे प्रदेश में निर्माण कार्य कर सकेंगे। विभागीय मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को पोर्टल का लोकार्पण किया। प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ ही 30 दिन में प्रमाण-पत्र जारी होंगे। आवेदन सुविधा ई-नगरपालिका पोर्टल, एमपी अर्बन वेबसाइट, ई-सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

पत्रिका 17/2/22

# दुकानदारों की मनमानी के चलते ग्राहक परेशान, एसपी से की मुलाकात



रतलाम. शहर में दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामग्री रखने और वाहनों के कारण ग्राहकों को पार्किंग की जगह नहीं मिल रही है। नतीजतन ग्रहकों को सड़क पर वाहन खड़ा करने पड़ते हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। यह बात ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष अनुराग लोखंडे ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी से कहीं। ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं तथा ग्राहक पंचायत द्वारा जनहित में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी गई। ग्राहक पंचायत के जिला मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट ने बताया कि इस दौरान ग्राहक पंचायत के जिला पर्यावरण प्रमुख नरेश सकलेचा, नगर सचिव सत्येंद्र जोशी, राजेश भार्गव, महिला आईटीआई के प्राचार्य अमिताभ श्रीवास्तव, महिला आईटीआई के प्रशिक्षण प्रभारी केएस गोयल ने पुष्प पुष्प और पौधा भेंट कर स्वागत किया। पत्रिका

पत्रिका 17/2/22

# सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है।

सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है। भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल में छुडवाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

अवन्तिका।

अवन्तिका 17/2/22

# भाजपा नेताओं ने की सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ़ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ़ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही हैं। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।

भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों को पकड़ कर और उन्हें जंगल में छुड़वाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौर, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

## जिले में भू-माफियाओं, असामाजिक तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

रतलाम। रतलाम जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में अपराधियों, भूमाफियाओं, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विगत 6 माह की अवधि में रतलाम जिले में शासकीय गाइड लाइन मूल्य के अनुसार 38 करोड़ 77 लॉख रुपए मूल्य की जमीन मुक्त कराई गई है। प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया गया है। उपग्रह

उपग्रह 17/2/22

# सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है।

भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल में छुडवाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे। चेतना

चेतना 17/2/22

# सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग-भाजपा नेताओं ने सौंपा पत्र

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है।

इन्दौर

# अतिक्रमण से 60 फीट की सड़क 22 की बनी, दल ने दोनों ओर का जेसीबी से तोड़ा निर्माण





नवभारत 17-2-22

रतलाम। कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क के दोनो ओर क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम, राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमन्त चौहान के निर्देशन में जेसीबी, डम्पर, ट्रेक्टर, गैंग के द्वारा हटाया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क जिसकी चौड़ाई 60 फीट थी क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा सड़क के दोनो ओर से अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई को 22 फीट तक सीमित कर दिया था। उच्च न्यायालय उचित कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होने पर नगर निगम 15 दिवस पूर्व चूने की लाईन डालकर क्षेत्रय रहवासियों को अपने अतिक्रमण स्वंय हटाने के निर्देश दिये गये थे। 15 फरवरी तक 70 से 80 प्रतिशत नागरिकों द्वारा अपने अतिक्रमण स्वंय हटा लिये गये थे शेष अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु जिला, पुलिस व नगर निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित पुलिस व नगर निगम प्रशासन का अमला उपस्थित था।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज से

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा भारत की आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत जिले की समस्त जनपद पंचायतों में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन 17 से 24 फरवरी तक किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जमुना भिडे ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेलों के तहत 17 फरवरी को शासकीय बालक उ.मा.वि. रावटी में, 18 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर सैलाना, 21 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, 22 फरवरी को शासकीय आईटीआई परि सैलाना रोड पर, 23 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर आलोट में तथा 24 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर जावरा में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक स्वरोजगार शिविर आयोजित होंगे।

रोजगार मेलों में सिक्युरिटी गार्ड सहित विभिन्न कम्पनी द्वारा भाग लिया जाएगा। मेलों में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदाय की जाकर उनके ऋण प्रकरण भी बनाए जाएंगे।

17-2-22

## नगर निगम के विभिन्न करों से 3.79 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

नवभारत

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 16 फरवरी बुधवार को कुल राशि रुपये 3,79,150/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 16 फरवरी बुधवार को संपत्तिकर शिविर से 121811, वसूली दल 204169 कुल 325980, जलकर शिविर 53170 इस तरह कुल राशि रुपये 3,79,150/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

नवभारत 17/2/22

## सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने हेतु भाजपा ने मांग पत्र सौंपा

रतलाम● भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ़ रहे सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सूअरों की भरमार हो गई है। ये सूअर कहां से [illegible] इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ़ रही है, वहीं अन्य स[illegible]स्याएं भी उपज रही है। सूअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड़, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपिन पोरवाल एवं पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश 17/2/22

## शूकरों से मुक्ति दिलाने की मांग

**रतलाम.** भाजपा कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से बुधवार को मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई हैं। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है। इस दौरान भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे। पत्रिका

पत्रिका 17/2/22

## सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग, भाजपा नेता कलेक्टर से मिले

रतलाम | भाजपा कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पत्र सौंपकर शहर में बढ़ते जा रहे सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। नेताओं ने बताया अचानक सूअरों की भरमार हो गई है।

पहले निगम की सक्रियता से सूअर दिखना बंद हो गए थे। नेताओं ने धरपकड़ के लिए अभियान चलाने की मांग की। पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश राठौड़, मंडल महामंत्री राकेश परमार, विपिन पोरवाल, राधेश्याम मारू आदि साथ रहे। भास्कर

दै.भास्कर 17/2/22

## 'सूअरों से मुक्ति दिलाएं'

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भाजपा के कुशाभाउ ठाकरे मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ़ रहे सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सूअरों की भरमार हो गई है। ये सूअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ़ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही हैं। सूअरों की हिंसा से महिलाएं व बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।

भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सूअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सूअरों की धरपकड़ करने और उन्हें जंगल में छुड़वाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड़, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपिन पोरवाल, पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

नईदुनिया 17/2/22

# कस्तूरबा नगर में प्रशासन ने तोड़े मकानों के अतिक्रमण किए गए हिस्से

## एक दर्जन तक मकानों पर कार्रवाई, कई बार विवाद भी हुए

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

एक बार फिर से शहर में मकानों को तोड़ने की कार्रवाई बुधवार को दोबारा की गई। हालांकि इस बार कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के बाद कस्तूरबानगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ की गई। गली नंबर 7 में लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ते हुए टीम ने कई मकानों के पिछले हिस्से जेसीबी से गिराए। कार्रवाई आधा दर्जन से भी ज्यादा मकानों पर की गई।

कस्तूरबानगर गली नंबर 7 में नाले के समीप जमीन पर 40-60 फीट तक अतिक्रमण है। कई लोगों ने यहां कमरे, बंगलों के पीछे गैरेज तक बना लिए थे। कई सालों से ये अतिक्रमण है, जिसके खिलाफ कुछ याचिककर्ताओं ने हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम ने 6 बार अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस देकर अतिक्रमण स्वयं



हटाने के लिए भी कहा, लेकिन लोगों द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई गई। पिछले महीने नगर निगम ने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए निशान भी लगाए थे।

इसके बाद भी किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद बुधवार को हाईकोर्ट की डबल बैंच के आदेश का पालन करवाते हुए कस्तूरबानगर गली नंबर 7 में अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई। नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस की टीम क्षेत्र में पहुंची। यहां आधा दर्जन से भी ज्यादा मकानों के अतिक्रमण कर बनाए गए हिस्से, कच्चे-पक्के निर्माण, शेड आदि तोड़ दिए गए।

### कार्रवाई के दौरान विवाद

कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के रहवासियों और अतिक्रमणकर्ताओं और परिवारों का टीम के साथ विवाद भी हुआ। लोग अपने घरों के हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई को गलत बताते दिखे। कई लोग तो जमीन को ही अपना बताते रहे, हालांकि कुछ ने माना ये अतिक्रमण था और इसे हटाने के लिए अब समय की मांग की। परंतु टीम ने कार्रवाई को जारी रखते हुए जेसीबी की मदद से मकानों के हिस्से ध्वस्त कर दिए।

दबंग दुनिया 17/2/22

# प्रतिभाओं, उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान

17-2-22



रतलाम। संत रविदास जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित हुआ। नवभारत।

मुख्य अतिथि रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना मौजूद थे। अध्यक्षता राजेंद्रसिंह लुनेरा ने की, विशेष अतिथि ओमप्रकाश बोरिया थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. आर.के. शर्मा, संयोजक ट्राइबल पारुल जैन, अजाक्स के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, अनुसूचित जाति वर्ग के समाजजन तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुसूचित जाति वर्ग की प्रतिभाओं को तथा उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिले के अनुसूचित जाति वर्ग समाज की प्रतिभाओं तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों के हाथों सम्मानित व्यक्तियों में जिला स्तरीय कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन पर भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देने वाली रावटी की भजन मंडली के सदस्य मदनलाल बोरिया, पप्पूलाल बोरिया, अमृतलाल परमार, राधेश्याम रारोतिया, चंपालाल परमार, भेरुलाल परमार शामिल हैं। इनके अलावा समाज के उद्योगपति, व्यवसाई लक्ष्मीनारायण सोलंकी, हिंदी की प्रोफेसर सुशीला खरे, केमिस्ट्री के प्रोफेसर विजेंद्र सोलंकी, दिल्ली पुलिस में कार्यरत छायाश्री बामणिया, मेडिकल पढ़ाई में अध्ययनरत जितेंद्र रायकवार, ख्यात पहलवान सुशील सोलंकी, देहरादून में आयोजित मॉडलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रावटी के मनोज बोरिया, नेशनल मलखंभ कोच नितेश चावरे, एमएससी में गोल्ड मेडलिस्ट रुचिका जोगचंद धानासुता, भोज यूनिवर्सिटी की टॉपर पूजा लश्करी, रतलाम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत भावेश खंडेलवाल, अंतर जाति विवाह योजना के तहत गोपाल-श्वेता यादव, रोहित-किरण खंडकर, आदर्श वाल्मीकि पंचायत के पटेल विजय खरे शामिल है। नगर निगम रतलाम के 10 स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया गया।

नवभारत 17/2/22




चित्रकारी से संदेश — शहर में सार्वजनिक दीवारों का रंगरोगन कर दीवारों को सफाई के संदेश से लोग को जागरूक करने की पहल की जा रही है।

प्रभात किरण 16/2/22

## फिर बिना सूचना ड्यूटी से गैरहाजिर मिले 6 कर्मचारी

रतलाम | पर्यवेक्षकों के निरीक्षण में सफाई कर्मचारियों को बिना सूचना के ड्यूटी से गैरहाजिर मिलने का क्रम जारी है। बुधवार सुबह 6 बजे और दोपहर 2 बजे उपस्थिति चेक की गई तो सुबह की शिफ्ट के 5 और दोपहर में एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला। सभी ने न अनुमति लेकर अवकाश लिया था न किसी को ड्यूटी पर नहीं आने की सूचना दी थी।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पांच कर्मचारियों का एक दिन का, जबकि एक का आधे दिन का वेतन काटा है। जोन दो के सरस्वती पति धनराज, रमेश मुंशी, संजय बच्चु, जोन तीन के किरणबाई-पति आनंद, जोन चार के रमेश बाबुलाल वहीं दोपहर की उपस्थिति में जोन चार के संजय बच्चु शामिल हैं।

9/1/2012

दैनिक भास्कर 17/2/22

## अनुपस्थित मिलने पर पांच सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति चेक की गई। इसके तहत सुबह पांच और दोपहर में एक सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बुधवार सुबह जोन क्रमांक-दो में सरस्वती पत्नी धनराज, रमेश-मुंशी, संजय-बच्चू, तीन में किरणबाई पत्नी आनंद, चार में रमेश-बाबूलाल बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। दोपहर की उपस्थिति के दौरान जोन क्रमांक-चार में संजय-बच्चू अनुपस्थित पाया गया। नई.

नईदुनिया 17/2/22

## अवैध निर्माण तोड़ने की मुहीम पर सवाल

# यातायात सहित अन्य जनसमस्याओं का समाधान नहीं कर रहा प्रशासन?

### कलेक्टर-एसपी का शहर भ्रमण

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी अभिषेक तिवारी ने पिछले सप्ताह शहर में यातायात सुधार के लिए भ्रमण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में पैदल घूमकर यातायात व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाएं तलाशी। वे स्थानीय लोगों से मिले और उनसे भी सुझाव लिए, चांदनी चौक में आजाद चौक परिसर में पे एंड यूज टॉयलेट बनाने के लिए स्थानीय लोगों की सहमति के बाद 15-20 दिनों में टॉयलेट बनवाने के निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए गए। वहीं आजाद चौक परिसर में पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। दोनों अधिकारी रात्रि में गणेश देवरी, चांदनी चौक, धानमंडी, सैलाना बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में घूमे। उन्होंने घने यातायात वाले क्षेत्रों को देखा है।

रतलाम। सालों साल बीत गए, लेकिन जिले का पुलिस और प्रशासनिक महकमा रतलाम शहर की यातायात समस्याओं का समाधान नहीं कर सका। प्रशासन ने पिछले दिनों अवैध निर्माणों के खिलाफ तगड़ी मुहिम चलाई, लेकिन इसका उद्देश्य भी यातायात को सुधारने का नहीं रहा। इस मुहीम में ऐसे जगहों के निर्माण तोड़े गए, जहां यातायात समस्या नहीं रहती। परन्तु शहर के कई क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था ठप हो रही है, लेकिन उसके लिए प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है।

प्रशासन की मुहीम और भी कई सवालों के घेरे में है, क्योंकि इसमें कुछ जगह पक्षपात, तो कुछ जगह दवाब की राजनीति होती दिखी। यातायात का जहां तक सवाल है, तो खुद यातायात पुलिस का थाना ही गलत बना हुआ नजर आता है। इसके कारण दो बत्ती स्थित महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पर कई बार यातायात प्रभावित होता है। पहले इस थाने में बाहर खुला परिसर था, लेकिन बाद में बाउंड्रीवाल बना दी गई। इससे सड़क पर समस्या पसर रही है। यातायात थाने के अलावा शहर के कई घनी आबादी और व्यवसाय वाले इलाकों की स्थिति यातायात की दृष्टि से दयनीय है। अवैध निर्माण और अतिक्रमणों के कारण इन क्षेत्रों में यातायात को रेंग-रेंगकर चलना पड़ता है। प्रमुख चौराहों पर जाम के नजारे आम हो गए हैं। पुलिस अमला भी इतना नहीं है कि हर चौराहे की व्यवस्था संभाल सके। कुछ चौराहों पर पुलिस तैनात भी होती है, जो महज उपस्थिति दिखाती नजर आती है उनका यातायात व्यवस्था से लेना-देना नहीं दिखाई देता लगता है। इससे रतलाम की यातायात व्यवस्था राम भरोसे ही दिख रही है।

वहरहाल ऐसा लगता है कि पुलिस और प्रशासन के पास शहर को व्यवस्थित

[illegible]

..शेष पृष्ठ 2 पर

पृष्ठ 1 का शेष यातायात

यातायात देने की कोई योजना नहीं है। पिछले पांच सालों में शहरी क्षेत्र में कुछ मार्ग फोरलेन जैसे बन गए हैं, इन मार्गों पर सड़क अच्छी होने के साथ डिवाइडर बनने के कारण यातायात रुकता नहीं है, लेकिन मार्ग में पड़ने वाले चौराहों की स्थिति बिगड़ी हुई है। चौराहों पर हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। नगर निगम और प्रशासन, नेताओं के साथ मिलकर चौराहों को व्यवस्थित करने की योजना कई बार बना चुका है, लेकिन उसे अमलीजामा अब तक नहीं पहनाया गया है। प्रशासन शहर में जो अवैध निर्माण तोड़ रहा

[illegible] 17/2/22

# दिलीप नगर में डिस्पोजल हाउस पर 5000 का किया जुर्माना, 19 किलो पॉलीथिन की जब्त

**रतलाम।** रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोतम के निर्देषानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत दिलीप नगर क्षेत्र में डिस्पोजल हाउस पर तय मानक के विपरित 19 किलो पॉलीथीन पाये जाने पर पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 5000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**गाडगे बाबा की जयंती पर 23 फरवरी को निकलेगा चल समारोह, हनुमान बाग पर होगा भंडारा**

**रतलाम।** रजक समाज के महान संत शिरोमणी श्री गाडगे बाबा की जयंती रतलाम में उत्साह और उमंग भरे माहौल में धूमधाम से मनाई जाएगी। मालवीय रजक समाज अध्यक्ष भगवतीलाल बारिया (छोटू भाई) ने बताया कि महान संत शिरोमणी गाडगे बाबा की जयंती को हर साल की तरह इस बार भी उत्साह और उमंग भरे माहौल में मनाए जाने के लिए समाजजनों की बैठक हुई। बैठक में तय किया कि गाडगे बाबा की जयंती पर रजक समाज का एक विशाल चल समारोह आगामी 23 फरवरी बुधवार को निकाला जाएगा। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ कार्यक्रम स्थल हनुमान बाग पर पहुंचेगा। जहाँ गाडगे बाबा की जयंती पर रजक समाज द्वारा भंडारे का विशेष आयोजन होगा। समाज अध्यक्ष भगवतीलाल बारिया छोटू भाई', उपाध्यक्ष छोटूलाल मेहता, पूनमचन्द्र तलोदिया, कोषाध्यक्ष शांतिलाल तलोदिया, महामंत्री संतोष मालवीय मौजूद रहे।

[illegible] एक्सप्रेस 17/2/22

# डिस्पोजल हा[illegible] पर 5000 का किया जुर्माना

**रतलाम** ● नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत दिलीप नगर क्षेत्र में डिस्पोजल हाउस पर तय मानक के विपरित 19 किलो पॉलिथीन पाए जाने पर पॉलिथीन को जब्त कर संबंधित पर पांच हजार रुपए का जुर्माना स्पॉट फाइन दल द्वारा किया गया। समस्त प्लास्टिक निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वदेश

स्वदेश 17/2/22

उद्घाटन का लगाया पत्थर भी हुआ गायब

# अनदेखी : नगर निगम से बीस कदम दूर, पुलिया हो गई जर्जर

**रतलाम.** शहर के बीचों बीच नगर निगम से मात्र 20 कदम दूर नाले पर बनी पुलिया जर्जर हो गई है। इसमे बड़े - बड़े गड्डे हो गए है। इतना ही नही, पुलिया के उद्घाटन का जो पत्थर लगाया था वो भी गायब हो गया है। बड़ी बात यह है कि नगर निगम को इसकी खबर ही नहीं है। यह पुलिया नगर निगम से पैलेस रोड के बीच बनी हुई है।

नगर निगम ने 2015 में नगर निगम से पैलेस रोड तक सिटी फोरलेन बनाने की योजना तत्कालीन महापौर डॉ. सुनीता यार्दे के कार्यकाल में बनाई थी। इस दौरान पुलिया निर्माण का शिलान्यास का पत्थर तो लगा हुआ है जिस पर 10 सितंबर 2015 की तारीख दर्ज है। इसमे मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत नगर निगम तिराहा से पैलेस रोड चौराहा तक उत्कृष्ट रोड निर्माण का भूमि पूजन हुआ था। इसके बाद नाले के एक तरफ पुलिया तो बना दी गई, लेकिन इसके बाद काम रुक गया। पुलिया की शुरुआत जिन्होंने की थी, उनके नाम का लगा पत्थर ही गायब हो गया है। इसके बाद नगर निगम ने दिसंबर 2018 में इसी मार्ग पर सिटी फोरलेन की योजना बनाई। इस दौरान दिसंबर में टेंडर निकाले गए व जनवरी 2019 तक इनको भरना था। फरवरी में प्रक्रिया हुई व मार्च 2019 में टेंडर मंजूर कर लिए गए। इसके बाद से अब तक निगम इस योजना को भूल गया। ऐसे में जो पुलिया 2015 में बनी थी, अब वो जर्जर हो गई है। समीप के पेट्रोल पंप पर आने वाले सैकड़ो वाहन इस पुलिया से दिनभर में निकलते है।

## पता करवाएंगे कहां गया पत्थर

पुलिया की शुरुआत का पत्थर कहां गया, इस बारे में जानकारी ली जाएगी। इस रोड पर सिटी फोरलेन बनना भविष्य की योजना है। इसके पूर्व राजमहल के द्वार पर लगी हुई घड़ी को शहर विधायक द्वारा नया लगाया जाना है।
**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम पत्रिका

पत्रिका 17/2/22